हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 1 जुलाई 2025

06 विकासखंड में आने वाले स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र के ...



09 5358 हितग्राहियों को शिविर में सरकार की...





## खबर संक्षेप



### नीलम शर्मा जिला उपाध्यक्ष व देवकरण गुर्जर प्रखंड सुरक्षा नियुक्त

**कानड़**। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक नलखेड़ा प्रखंड में संपन्न हुई, जिसमें कानड़ नगर की नीलम शर्मा को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आगर जिला उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही नगर के ग्रामीण क्षेत्र से देवकरण गुर्जर को बजरंग दल प्रखंड सुरक्षा प्रमुख नियुक्त किया गया। दोनों की नियुक्ति पर इष्ट मित्रों और नगर वासियों द्वारा बधाई दी गई। बैठक में संगठन को बढ़ावा देने की बात कहते हुए बताया कि आज आने वाली पीढ़ी को एकजुट करने के लिए जो संगठन हर तरह के प्रयास और जीतोड़ मेहनत कर रहा है वह है विश्व हिंदू परिषद जो आने वाली नव पीढ़ी को इस संगठन से जोड़ने का काम कर रही है। आने वाली पीढ़ी इस संगठन के बारे में सुने और इस संगठन कैसे कार्यकर्ता था और कैसे कर रहा है जानें ताकि विश्व में हिंदुत्व एक माला में मोतियों की भांति माला में एकजुट रहे ऐसे ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल को आने वाली नवयुग पीढ़ी से आशा है। साथियों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

### दबंगों ने जमीन विवाद में पिता-पुत्र को पीटा

**सीहोर**। ग्राम घाट पलासी में दबंगों ने जमीन विवाद में पिता-पुत्र को बेरहमी से पीटा। पीड़ित सुरेश मीणा पिता घुड़े लाल को कीटनाशक दवा भी पिलाई। मारपीट के बाद सुरेश की हालत बिगड़ गई। उसे पहले श्यामपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल सीहोर रेफर किया गया। जिला अस्पताल से भी पीड़ति को भोपाल के निजी अस्पताल भेजा गया। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पीड़ति सुरेश मीणा का कहना है कि श्यामपुर थाने की पुलिस सुनवाई नहीं कर रही। परिजनों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरस्कार

**सीहोर**। भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपल्ब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रुपए का पुरस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जाएगा।

### कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने टीएल बैठक में दिए निर्देश

# पुल और पुलियाओं पर संकेतक बोर्ड लगाएं व कर्मचारी की तैनाती करें

**अधिकारी, सीएम हेल्पलाईन निराकरण में ग्रेडिंग सुधारें अन्यथा होगी कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जिले के नदी-नालों की पुल पुलियाओं एवं रपटों पर बारिश का पानी होने के दौरान आवागमन नहीं हो, ऐसे स्थानों पर संकेतक बोर्ड तथा मैदानी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं। पुल-पुलिया के ऊपर पानी होने के दौरान वाहन निकालने वाले वाहन चालकों के लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि पुलियाओं पर पानी होने के दौरान बच्चों की सुरक्षा की दृष्टिगत किसी भी स्थिति में स्कूली बसें न निकाली जाए, लापरवाही करने पर संबंधित बस संचालक एवं वाहन चालक के विरूद्ध कार्यवाही करें। जिले के सभी स्कूली बसों का संचालन सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन अनुसार ही हो।

सोमवार को कलेक्टर में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा कर रहे कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने यहां निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि को लेकर सभी अधिकारी सतर्क रहे, राहत कार्य संबंधी संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए। पुलिस, होमगार्ड, राजस्व सहित संबंधित विभाग जिले में कहीं भी अतिवृष्टि के कारण जल भराव जैसी स्थिति निर्मित होने पर तत्काल समन्वय से राहत संबंधी कार्य करें। बारिश के समय जिले के डेम, तालाब आदि से अतिरिक्त पानी छोड़ने के दौरान निचली बस्तियों में पूर्व सूचना दी जाए, प्रभावित गांवों में कोटवार से मुनादी भी करवाई जाए, इसके बाद ही पानी छोड़ने की कार्रवाई करें। कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि झूले हुए विद्युत तारों से कोई जन, पशु हानि न हो, इन्हें समय रहते ठीक करवाएं। विद्यालय परिसर एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर झूले हुए तार तत्काल ठीक करें। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी ट्रांसफार्मर के आसपास एवं अन्य स्थानों पर झूले हुए तारों का ठीक करवाने की कार्यवाही की जाए,जिससे की विद्युत करंट न फैले। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि बारिश के समय सड़क पर रहने वाले निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में भेजा जाए। पशुपालन विभाग सभी गौशालाओं में क्षमता अनुसार गौवंशों को रखवाएं। गौशालाओं में रह रहे गोवंश का भौतिक सत्यापन भी किया जाए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले की सभी शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करवाएं, विद्यालय में नियमित साफ सफाई हो, टॉयलेट की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर 'सी' व 'डी' श्रेणी में रहने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को गंभीरता से लें, बिना देरी एवं समाधानकारी निराकरण कर ग्रेडिंग सुधार, अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने मांग आधारित शिकायतें फोर्स क्लोज कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जनसुनवाई के आवेदनो का निराकरण करने एवं समय-सीमा के पत्रों का जवाब निर्धारित अवधि में भेजने के निर्देश अधिकारियो को दिए। कलेक्टर ने बैंक एवं सहकारिता संस्थाओं के बकाया ऋण प्रकरणों में तहसीलदारों से समन्वय कर वसूली करने के निर्देश उपायुक्त सहकारिता एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारों को आरआरसी प्रकरणों में शिविर के माध्यम से वसूली करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने खरीफ सीजन के लिए खाद, बीज की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा कर कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों की आवश्यकता अनुसार खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### 'मां बगलामुखी मंदिर पर पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें'

कलेक्टर ने निर्देश दिए की मां बगलामुखी मंदिर में शनिवार, रविवार एवं सोमवार में बड़ी संख्या में आने वाले भक्तों की सुविधा की दृष्टिगत अधिकारी - कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। मंदिर परिसर में पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें, आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की आसुविधा न हो। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र नियमित खुले, आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन निर्धारित समय अनुसार हो, बच्चों को पका हुआ गर्म भोजन एवं टीएचआर का समय पर वितरण हो। खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक ज्ञान भी अर्जित करवाएं। विभागीय अधिकारी समय-समय पर औचक भ्रमण कर आंगनबाड़ी गतिविधियों की जानकारी ले। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पिछले सप्ताह काम दिवस खुलने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता को शोकाज नोटिस जारी करें। कलेक्टर ने ई-ऑफिस की समीक्षा कर निर्देश दिए कि ई-फाइल प्रक्रिया में जिन विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों का स्थानांतरण हुआ है, वह एनआईसी को नये अधिकारी-कर्मचारी की जानकारी उपलब्ध करवाए, जिससे कि उनके नाम की मैपिंग की जा सके। कलेक्टर ने कहा कि ऑफिस के माध्यम से नियमानुसार ही फाइल भेजी जाए, अधिकारी स्वयं फाइल पुटअप ना करें। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास योजना, डॉ.भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, सावित्रीबाई फूले आर्थिक कल्याण योजना सहित अन्य स्व-रोजगार योजना की समीक्षा कर लक्ष्य अनुसार प्रकरण बनाकर बैंकों को भेजने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेम नारायण परमार सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## विहिप की जिला बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ अन्य कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा हुई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विश्व हिंदू परिषद की जून माह की बैठक रविवार को स्थानीय रेन बसेरा परिसर में संपन्न हुई। विहिप के जिलाध्यक्ष किशोर बैरागी की अध्यक्षता व जिला मंत्री विनोद कौशल के आतिथ्य में आयोजित जिला बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ ही आने वाले कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में नवीन दायित्वों की भी घोषणा की गई जिनमे चंद्रशेखर उनियारा जिला सदस्य, कृष्णा सूर्यवंशी जिला सह गौरक्षा प्रमुख वीएचपी, नीलिमा दीदी जिला उपाध्यक्ष वीएचपी, उर्मिला दीदी सोनी जिला मातृ शक्ति प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार आगर प्रखंड के दायित्वों में प्रखंड अध्यक्ष शंकर सिंह तंवर, प्रखंड मंत्री अजय वैष्णव, प्रखंड गौरक्षा प्रमुख रवि गवली, प्रखंड सह संयोजक मनीष कलेसिया, सत्संग प्रमुख अंकित जादम, धर्म प्रसार प्रमुख पवन परमार, मातृ शक्ति प्रमुख रेखा दीदी पाटीदार,सह सत्संग प्रमुख कान्हा मालवीय, सह गौ रक्षा प्रमुख धर्मेंद्र सोनी की घोषणा की गई। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, सह संयोजक जीतेश सिंह राठौड़, सह संयोजक राहुल उनियारा, सह संयोजक ऋषभ गोस्वामी, गो रक्षा प्रमुख नरेंद्र सिंह जादौन सहित सभी प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाबा सत्यनारायण मौर्य पहुंचे माता के दरबार, दर्शन किए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे का नारा देने वाले प्रखर राष्ट्रवादी व कवि बाबा सत्यनारायण मौर्य मां बगलामुखी के दरबार पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन किए।

बाबा सत्यनारायण मौर्य के नलखेड़ा आगमन पर विहिप के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरिराज पुरोहित, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पार्षद गोवर्धन वेदिया, दीपक जाधव आदि ने स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया। इस दौरान बाबा मौर्य द्वारा रचित व संकलित पुस्तक राष्ट्रदेव श्रीराम एवं श्री राम जन्मभूमि एक अनवरत संघर्ष की गाथा भी उपस्थितजनों को भेंट की गई। इस अवसर पर बाबा ने चंद मिनटों में देखते ही देखते प्रभु श्रीराम का दीवार पर चित्र बनाकर अपनी उच्चकोटि की चित्रकारी का प्रदर्शन भी किया।

## जिनदत्तसुरिजी के 871 स्वर्गाहरोहण दिवस पर होगा महापूजन का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



नलखेड़ा की पावन धरा पर महाप्रभावी एक लाख तीस हजार नूतन जैन बनाने वाले प्रथम दादा गुरूदेव जिनदत्तसुरिश्वरजी की 871 पुण्यतिथि (स्वर्गाहरोहण दिवस) के अवसर पर जैन समाज में प्रथम बार 71 जोड़े के साथ महापूजन का आयोजन 6 जुलाई को होगा। चातुर्मास समिति अध्यक्ष जयंत धूपिया, समाज के अध्यक्ष जितेंद्र सकलेचा तथा सचिव रवि सकलेचा ने बताया कि जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष चातुर्मास के लिए रत्ननिधि श्रीजी म.सा., पुण्यनिधि श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-5 जैन आराधना भवन हनुमान मंदिर पर विराजित है।

महाराज की पावन निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधनाएं, परमात्मा के कल्याणक, रथ यात्रा आदि धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। 6 जुलाई रविवार को प्रथम दादा गुरूदेव श्री जिनदत्तसुरिश्वरजी के 871 स्वर्गाहरोहण दिवस के पुनित अवसर पर जैन समाज में प्रथम बार 71 जोड़े के साथ दादा गुरुदेव महापूजन का आयोजन महाराज के सानिध्य में होगा। रविवार को ही सांय 7:30 बजे गुदरावन मार्ग स्थित श्री जिनकुशलसुरि दादावाड़ी में आरती और इकतीसा पाठ होगा जिसमें 7 लक्की ड्रा रहेंगे। धूपिया ने बताया कि 9 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ होने जा रहा है। समाजजन 4 माह के इस चातुर्मास काल में विभिन्न धर्म आराधना के साथ महाराज साहब के प्रवचनों का लाभ उठाएंगे। 11 जुलाई शुक्रवार को माता पद्मावती की आराधना के साथ एकासने का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि प्रति शुक्रवार यहां कार्यक्रम पयूर्षण महापर्व के बाद भी 9 शुक्रवार तक चलेगा। इसी के साथ श्री संघ में नमस्कार महामंत्र के जाप व 68 दिवसीय नवकार कलश यात्रा का कार्यक्रम भी होगा।

### मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश कल



**नलखेड़ा**। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास आराधना कराने मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज ससंग ( 6 पिछी) का मंगल प्रवेश 2 जुलाई को नगर में होगा। समाजजनों द्वारा अगवानी कर चल समारोह निकाला जाएगा। समाज के शैलेंद्र पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज आदि गुरु भगवंतों का बुधवार को प्रातः 7:30 बजे नगर में धरोला की ओर से मंगल प्रवेश होगा। जैन समाजजनों द्वारा मुनिश्री की नगर में अगवानी अशोककुमार हुकुमचंद दिनेश जैन के निवास से होगी। इस अवसर पर सभी समाज जनों का जैन परिवार की ओर से स्वल्पाहार रखा गया है। तत्पश्चात वहां से जुलूस प्रारंभ होकर चौक बाजार स्थित सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगा। वहां दर्शन पश्चात जुलूस शिवाजी चौराहा होता हुआ आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगा वहां पर मुनि संघ के पद पक्षालन, शास्त्र भेंट एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई तक मुनि संघ की स्थिरता आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर रहेगी। एवं आहारचार्य भी वहीं पर होगी। चातुर्मास मंगल कलश स्थापना 11 जुलाई दोपहर 1 बजे स्थानीय चौक बाजार स्थित त्यागी भवन में बड़ी धूमधाम से होगी। वहीं आगामी सभी कार्यक्रम विराग विवर्धन चातुर्मास समिति के तत्वाधान में होंगे।

### मांझी समाज के लोगों ने निषाद चौराहा से निकाली निशान रैली

# बैनर तख्तियों के साथ लगाए नारे : मल्ला भोई ठीमर केवट कहार यही है मांझी समाज के असली हकदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर





मांझी समाज के लोगों ने रविवार को निषाद चौराहा से झंडा निशान बाइक रैली निकाली। सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज संघ मांझी पंचायत सीहोर के तत्वावधान में आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से समाज जनों ने शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए इलाई माता कस्बा मंदिर पहुंच कर जहां सर्वोत्तम बारिश की मनोकामना माता दुर्गा भवानी से की तो वहीं मध्य प्रदेश सरकार के पास लंबित सामाजिक प्रकरण के अबतक निराकरण नहीं किए जाने को लेकर विरोध भी दर्ज कराया।

**भगवान निषाद राज की पूजा अर्चना :** निषाद चौराहा पुराना बस स्टैंड स्थित मंदिर में सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज संघ मांझी पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश रायकवार और संरक्षक मनोहर बाबा के द्वारा भगवान श्री गणेश और निषादराज महाराज की विधिवत पूजा अर्चना की गई।

**इन मार्गों से निकाली गई रैली :** ढोल धमाकों भगवा ध्वज के साथ वाहन रैली कोतवाली चौराहा, पान चौराहा बड़ा बाजार, अटल बिहारी वाजपेई, चौराहा, तहसील चौराहा, भोपाली फाटक, तिलक पार्क कस्बा बजरिया से होते हुए हनुमान फाटक इलाई माता मंदिर कस्बा पहुंची। यहां पर विधि विधान से माता रानी को चुनरी और निशान समर्पित किया गया हनुमान फाटक मंदिर में भी हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना की गई। प्रसाद का वितरण कर अच्छी बारिश और मध्य प्रदेश सरकार के पास लंबित सामाजिक प्रकरण की निराकरण कराए जाने की प्रार्थना की गई।

**सुनो सरकार असली मांझी है हम :** मुख्य संरक्षक मनोहर बाबा ने बताया कि बरसों से मध्य प्रदेश सरकार से मल्ला,भोई, ठीमर, केवट, कहार को ही असली मांझी के रूप में सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करने और सभी मांझी समाज के लिए बनाए जाने वाली योजनाओं का लाभ देने की मांग की जा रही है।

क्योंकि मांझी के असली हकदार केवल मल्ला भोई ठीमर केवट कहार ही है । अन्य जातियों के लोग मांझी बनकर मांझी समाज को आर्थिक सामाजिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। पुख्ता सबूत देने के बावजूद सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है।

**विश्व कल्याण शांति की है भावना :** सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज संघ माझी पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश रायकवार ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आषाढ़ माह में अच्छी बारिश और विश्व कल्याण सामाजिक उन्नति प्रगति की कामना के साथ झंडा निशान वाहन रैली निकाली गई है। रैली में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु सम्मिलित रहे।

**झंडा वाहन रैली में रहे शामिल :** झंडा बाइक रैली में प्रमुख रूप से योगेश रैकवार सुजीत रैकवार सनी रैकवार महेश रैकवार राजू संतोष खेमराज प्रकाश कन्नू गोविंदा प्रांशु काका सत्यम मनीष विजय अमित अजय नीरज रैकवार आकाश लक्ष्मण रैकवार अनिल रैकवार विनोद गणेश प्रताप मीराबाई आरती बाई सविता बाई ज्योति रैकवार नंदिनी फूलवती सरोज शारदा साधना आदि समाजजन सम्मिलित रहे।

### पशु आहार संयंत्र पचामा में अनुभवी प्रबंधक नियुक्त करने की उठी मांग, प्रशासन को दिया आवेदन

**सीहोर**। पशु आहार संयंत्र पचामा के मैनेजर नरेश नरवरिया का तबादला हो जाने के बाद आए अतिरिक्त चार्ज के रूप में नियुक्त नए मैनेजर को हटाने की मांग उठने लगी है। इसके पीछे बताया गया है कि नए प्रबंधक के पास पहले से ही नोडल अधिकारी का चार्ज है और सुदाना प्रबंधक कार्य का अनुभव भी नहीं है जबकि सुदाना की क्वालिटी लगातार खराब हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए किसानों ने प्रबंध संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल से एनडीडीवी के अधिकारी को या किसी कैटल फीड के अनुभवी प्रबंधक को पशु आहार पचामा में प्रबंधक नियुक्त करने की मांग रखी है।

सीहोर के अनेक किसान विमल सिंह, मोती लाल, राजेश कुमार, शांतिलाल,वीर सिंह, रोहित पंवार, कालीचरण सहित अनेक किसानों ने कलेक्टर से शिकायती आवेदन देकर शिकायत की है। जिसमें बताया कि नए नियुक्त प्रबंधक फील्ड इंचार्ज राजेश विजयवर्गीय के अंडर में फील्ड में भी नोडल अधिकारी है और फील्ड इंचार्ज से किसान और स्टाफ पहले से नाराज है। उनके हस्तक्षेप से पचामा प्लांट का माहौल खराब रहता है। इसलिए एनडीडीबी से नए प्रबंधक को पचामा में नियुक्त करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि फील्ड इन्चार्ज राजेश के खिलाफ कई घोटाले के आरोप पूर्व में लगे थे। पिछले 3 वर्षों से राजेश विजयवर्गीय फील्ड इंचार्ज है और इसी बीच सुदाना की डिमांड और क्वाालिटी में कमी आई है। पचामा संयत्र के पूर्व प्रबंधक राजेश गोयल के रहते हुए सुदाना की क्वालिटी काफी खराब थी।

यहां तक कि किसानों की खराब सुदाना की आवाज को भी विजयवर्गीय द्वारा दबाया जाता रहा है। यहां तक कि विजयवर्गीय का पचामा में सुदाना बनाने के लिए क्रय किए जाने वाले कच्चामाल में पार्टियों से सीधे हस्तक्षेप रहता है और धांधली होती है। इसके चलते उन्हें कई बार पूर्व सीईओ भी उन्हें फटकार लगा चुके हैं। इन सबके चलते किसानों और स्टाफ ने प्रबंध संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल से एनडीडीवी के अधिकारी को या किसी कैटल फीड के अनुभवी प्रबंधक को पशु आहार पचामा में प्रबंधक नियुक्त करने की मांग रखी है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न



**देवास।** शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय देवास में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बी एड के छात्राध्यापकों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। महाविद्यालय के अभिजीत सिंह बैस ने बताया कि सत्र 2023-25 के छात्राध्यापकों का बी एड प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी छात्रों को महाविद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वार्षिक उत्सव की विभिन्न क्रीड़ा एवं साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार तोमर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बी एड सत्र 2022- 24 में ऋतुराज पाटीदार की प्रथम आने पर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में प्राचार्य द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन आशीष सोलंकी ने किया। आभार प्रेम नारायण शर्मा ने माना। कार्यक्रम में छात्राध्यापकों का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम उपरांत छात्रों का स्टाफ समूह के साथ ग्रुप फोटो हुआ और अंत में सभी छात्रों का सह भोज भी दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बनवारी लाल बैरागी, दीपक पाटीदार, अनिल जाधव, ममता परीक, वर्षा शर्मा, अमृता चौधरी, ललिता वावगे आदि स्टाफ जन उपस्थित रहे।

### बिना डॉक्टर और स्टाफ के संचालित हो रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर

# विकासखंड में आने वाले स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा उपचार

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर के अंतर्गत आने वाले 40 से अधिक गांव स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में हो रहे परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




एक ओर सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े-बड़े दावे कर रही है, तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र में आज भी स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल है। हालांकि मंचों से दावे किए जाते हैं, कि ग्रामीण क्षेत्र में आम जनता को सरकार द्वारा शासकीय अस्पतालों के माध्यम से हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत देखी जाए तो आज भी स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल है,लेकिन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।बागली विकासखंड अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर इन दिनों स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। जहां पर डॉक्टर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी नहीं होने के कारण अस्थाई कर्मचारियों के भरोसे यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं नजर आ रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर के अंतर्गत 40 से अधिक गांव आते हैं। कमलापुर बागली विकास खंड का सबसे बड़ा क्षेत्र है, जिसमें भिलमाला, गोपीपुर, थल घेवरिया, इमलीपुरा, ओदला झीरी, देवास्या, खेड़ा खाल, धनतलाव, जामन, झीरी, सांकल घाट आदि आदिवासी बाहुल्य गांव भी इस के अंतर्गत आते हैं।

ऐसे में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता इस क्षेत्र को है। हालांकि यहां पर केंद्र संचालित तो हो रहा है, लेकिन यहां पर जिम्मेदार डॉक्टर का पद रिक्त है। साथ ही निचले कर्मचारियों की बात की जाए तो उनके भी पद रिक्त हैं। यहां पर सिर्फ फील्ड में काम करने वाली महिला कर्मचारी एवं अस्थाई कर्मचारियों के भरोसा यहां की व्यवस्था चल रही है। बता दे कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिलाओं की डिलीवरी भी कराई जाती है, लेकिन जिम्मेदार डॉक्टर ना होने के कारण वह भी एक बड़ी रिस्क है। जानकारी अनुसार 17 सितंबर 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ डॉक्टर जुबेर शाहा को किसी विवाद के चलते ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद यहां से हटा दिया गया था, जिसके बाद से ही यहां पर डॉक्टर का पद रिक्त पड़ा है। साथ ही अन्य विभागीय कारणों के चलते यहां से अन्य स्टाफ भी चला गया है। हालांकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमला ताज से डॉक्टर हरिश कोरी को यहां का प्रभार दिया गया था लेकिन जब डाक्टर हरिश कोरी से बात की तो उन्होंने बताया की मेरी ड्यूटी अभी बागली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर है। अब मेरी ड्यूटी कमलापुर स्वास्थ्य केंद्र पर नहीं है यहां सिर्फ औपचारिकता नजर आ रही है। इस क्षेत्र के लोगों को सरकार द्वारा किए जा रहे दावों के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ यहा पर नहीं मिल पा रहा है। इसके बावजूद भी क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं, या कहे कि सिर्फ दिखाओ में व्यस्त नजर आ रहे हैं।

कमलापुर क्षेत्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली की दूरी लगभग 25 किमी है ऐसे में इस क्षेत्र के लोगों को यदि स्वास्थ्य सुविधा संबंधित समस्या के लिए बागली जाना पड़ता है, तो उन्हें काफी समय लग जाता है, हालांकि एक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर में एक और नए भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है नया भवन भी बनकर लगभग करीब करीब तैयार हो गया है, लेकिन डॉक्टर ही नहीं है तो यह भवन किस काम का है। जब इस मामले में देवास सीएमएचओ डॉक्टर सरोज जेम्स बेक से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन ही रिसीव ही नहीं किया। वही प्रभारी ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी बागली डॉक्टर हेमंत पटेल से भी संपर्क करना चाहा लेकिन इन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया।

# कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ हुई एफआईआर को लेकर युवा कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

### एफआईआर निरस्त करने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफ आई आर दर्ज करने को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज वर्मा के नेतृत्व में एवं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी की विशेष उपस्थिति में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सयुक्त कलेक्टर अभिषेक शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि विगत दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मुंगावली जिला अशोकनगर में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की गई, जबकि श्री पटवारी ने वही बयान दिया था जो पीड़ित ने उन्हें बताया था। जिसका प्रामाणिक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें पीड़ित शिकायत कर रहा है। बावजूद स्थानीय भाजपा नेताओं के दबाव के चलते पीड़ित ने अपना बयान बदल दिया, लेकिन इसके पूर्व पुलिस द्वारा पटवारी पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। यह सरासर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है। विपक्ष आज मिलकर जनता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है वहीं सरकार तानाशाह बनाकर विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। इस ज्ञापन के माध्यम से आप से अनुरोध है किया कि कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज की गई एफ आई आर को तत्काल निरस्त किया जाए एवं न्याय दिलाया जाए।

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण निगम में देखाः** देवास। शासन द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर के दो प्रमुख जल स्रोत मीठा तालाब व नया राजानल तालाब का उन्नयन कर इस संरचनाओं को नवीन स्वरूप प्रदान करने में मीठा तालाब के पाल पर पिंचींग का कार्य कर विकसित किया गया है। साथ ही नया राजानल तालाब पर तार फेंसिंग व प्रकाश व्यवस्था का कार्य किया गया। शासन द्वारा 1 मई से 30 जन तक चलाये गये जलगंगा संवर्धन अभियान मे प्रदेश की मुख्य जल संरचनाओं मे शहर की इन दोनो जल संरचनाओं का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा खंडवा से वर्चुअली कार्यक्रम के अन्तर्गत किया।

# भगवान श्री कृष्ण का जन्म होते ही आकाशवाणी हुई कि धर्म की पुनः स्थापनार्थ प्रभु का जन्म हुआ हैः पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मेंढकी रोड स्थित कलश गार्डन आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजक रमेश मिश्रा ने बताया कि रामांश के प्रथम जन्मदिन के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मनाए गए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में बाल स्वरूप श्रीकृष्ण जी का जैसे ही कथा पाण्डाल में प्रवेश हुआ। पूरा पाण्डाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की... से गूंज उठा। कथा पाण्डाल को आकर्षक रूप से फूल व गुब्बारों से सजाया गया। कथावाचक पं. मनीष गौतम शास्त्री ने व्यासपीठ से कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार में हुआ था। भगवान श्री कृष्ण का जन्म होते ही वातावरण में दिव्य आभा फैल गई थी और आकाशवाणी हुई कि धर्म की पुनः स्थापनार्थ श्री कृष्ण का जन्म हुआ है। इस प्रसंग को सुनते हुए भक्तों की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वे भगवान की महिमा में रमे होते हैं। महाराज श्री ने वासुदेव और देवकी के साथ भगवान श्री कृष्ण के संबंधों को भी वर्णित किया गया। किस प्रकार वासुदेव ने भगवान श्री कृष्ण को कंस से बचाने के लिए गोकुल भेजा और यमुनाजी ने अपनी लहरों को शांत कर वसुदेव को सुरक्षित यात्रा दी, इस पूरी घटना को बड़े श्रद्धा भाव से सुनाया जा रहा है। जब श्री कृष्ण ने कंस को मारकर मथुरा में धर्म की पुनः स्थापना की, यह प्रसंग सुनते हुए भक्त भगवान की असीम शक्ति और उनके उद्देश्य को महसूस करते हैं।

कथा के दौरान सुमधुर भजनो की प्रस्तुति भी दी गई। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के जीवन की विभिन्न लीलाओं का चित्रण भी किया गया। कथा 03 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी। कथा श्रवण के लिए बडी संख्या में श्रद्धालुजन व समाजजन कथा स्थल पर पहुंच रहे है। कथा की पूर्णाहूति के दिन 4 जुलाई को होगी। कथा में कल मंगलवार को श्रीकृष्ण जी की बाल लीलाओं व गोवर्धन पूजा का प्रसंग होगा। व्यासपीठ की आरती मुख्य अतिथि विधायक गायत्रीराजे पवार, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, भरत चौधरी, नवीन सोलंकी, ओमप्रकाश तापडिय़ा, दिनेश मिश्रा अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज देवास, आर.बी.सिंह, तुषार शर्मा, सुभाष मिश्र, राम अग्रवाल, एड. अरविंद तिवारी, उमेश मिश्रा, सूरज मिश्र, दिब्यांशु मिश्र ने की। मुख्य यजमान रमेश मिश्र एवं सुधा मिश्रा थे। आरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

# इमलीपुरा में बनाए जा रहे आभा आईडी से आयुष्मान कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम पंचायत कमलापुर के इमलीपुरा में आभा आईडी से आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।आयुष्मान भारत योजना के कार्ड में अब सड़क दुर्घटना पीड़ितों को भी शामिल किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में इसके लिए नए प्रावधान तैयार किए जा रहे हैं। आभा आईडी के माध्यम से सुविधा प्रदान की जा रही है। सभी पीड़ितों को दुर्घटना के सात दिनों के भीतर डेढ़ लाख रुपए तक का उपचार मिलेगा। इस योजना का लाभ उन्हें भी मिलेगा जिसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। आधार कार्ड बना रहे राज धाकड़, निशा गुर्जर, रुचि आर्या ने बताया कि आयुष्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं। बताया कि राज्य में 1000 से अधिक अस्पताल योजना से जुड़े हुए है। बताया कि अब यह कार्ड हर ग्राम पंचायत एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर बनाए जा रहे हैं।

# डंपर ने स्कूटी सवार दंपत्ति को मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पालनगर बायपास चौराहे पर सोमवार को तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर घायल हो गए। महिला के पैर में गंभीर चोट है। जानकारी के अनुसार नागदा निवासी मुकेश चौधरी अपनी पत्नी किरण चौधरी के साथ दोपहिया वाहन से देवास एमजी अस्पताल में रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान औद्योगिक क्षेत्र की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने लापरवाही से स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में किरण चौधरी के पैर में गंभीर चोट आई है। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने डंपर के कांच फोड़ दिए और बायपास चौराहे से सटे औद्योगिक क्षेत्र मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। कुछ देर बाद औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी। इसके बाद स्थिति शांत हुई। ग्रामीणों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र की ओर से आने वाले वाहन चालक टोल बचाने के लिए इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। यहां स्पीड ब्रेकर नहीं है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पास में स्थित वाइन शॉप के कारण भी इस इलाके में भीड़ लगी रहती है। ग्रामीणों ने टोल कंपनी और पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की।




# भाजपा जिला अध्यक्ष के जन्मदिवस पर किया आह्वान एक पेड़ लगाए मां के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव का आज जन्म दिवस है। सैंधव ने प्रकृति की सुरक्षा हेतु एक पेड़ मां के नाम से लगाने का आव्हान किया।सैंधव ने कहा कि पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।जन्मदिवस पर सैंधव सुबह 07 बजे मुखर्जी नगर स्थित गेस्ट हाउस पर कार्यकर्ता व पदाधिकारीओ से मिलेंगे। सुबह 8 बजे माता टेकरी पहुंच मां चामुंडा व तुलजा भवानी की पूजा कर शंख द्वार पर एक पेड़ मां के नाम लगाएंगे। इसके बाद सुबह 9 बजे शीलनाथ धुनि पहुंच कर पूजा अर्चना कर पौधा रोपण करेंगे। इसके बाद 10 बजे राजकुमार ठाकुर मित्र मंडल द्वारा राजोदा की पहाड़ी पर पौधारोपण करेंगे। 11 बजे अहमदाबाद विमान हादसे में जान गवाने वालों की स्मृति में पौधारोपण व आत्मा शांति हेतु वृद्धा आश्रम में वरिष्ठ जनों का को भोजन कराएंगे। इसके बाद 11:30 बजे भाजपा कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे तथा देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन करेंगे। इसके बाद कार्यकर्ता, पदाधिकारी, स्नेहजनों व नागरिकों से भेंट करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

**In The Court Of Civil Judge Class-1, Tehsil Court Bagli, District Dewas**

Presiding Officer: बबीता प्रजापत
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000002/2025)
गोकुल सोलंकी पिता देवकरण सोलंकी
.................. आवेदक
Vs
सर्वसाधारण ..........................अनावेदक

Process Id-/2025
पेशी दिनांक : 08/07/2025

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधरण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोकुल सोलंकी पिता देवकरण सोलंकी पता ने मृतक शांताबाई निवासी ग्राम पिपारिया तह. बागली की 2,00,000 राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 July 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 July 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 28 June 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(बबीता प्रजापत)
प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, बागली, जिला देवास (म.प्र.)

# धरती आबा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे शिविर

# 5358 हितग्राहियों को शिविर में सरकार की योजनाओं से किया लाभान्वित

## 29 जून को शिविर लगाकर किया गया 179 हितग्राहियों को दिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामों में ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत 29 जून को चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर 179 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अभियान के तहत जिले के चिन्हित गांवों में लगाए जा रहे शिविरों में अभी तक 5358 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविरों में हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना, केसीसी योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृवंदना योजना, बाल आर्शीवाद योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं बोनस योजना, एकलव्य योजना, दिव्यांग पेंशन



प्रोत्साहन योजना, कल्याणी पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर योजना, घरेलू कनेक्शन सब्सीडी योजना, पांच रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन योजना, पीएम आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पंजीयन किया जा रहा है और इन योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाता खोलना सहित अनेक सेवाओं के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है।

### इन गांवों में भी लगे शिविर

अभियान के तहत भैरूंदा जनपद के ग्राम इटावा खुर्द, पिपलानी, घुटवानी, हमीदगंज, बोरखेडा खुर्द, मंजीखेडी,



बसंतपुर पांगरी, छापरी, कुरी नयापुरा, रफीकगंज, कोसमी, सिंहपुर, नवलगाँव, मोगराखेडा, भिलाई, मरियाडो, पलासी कला, गिल्लोर, सेवनिया, पाटतलाई, अमीरगंज, लावापनी, कोठरा पिपलिया, आमडो, खजुरी, ढाबा, नरेला एवं चिचलाह खुर्द में शिविर आयोजित किए गए और योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

## खबर संक्षेप

### साध्वी वर्या व नम्रव्रता का नगर प्रवेश 5 को

**आष्टा।** श्वेतांबर जैन समाज को मिल रहा चातुर्मास में वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य गुरुदेव नरदेवसागर सूरीश्वर जी व वरिष्ठ गुरुवर्या साध्वी हेमेंद्र की कृपा से गुरुवर्या साध्वी नम्रव्रता जी आदि ठाणा 3 का साध्वियों का नगर प्रवेश शनिवार 5 जुलाई को नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर आष्टा में होगा। तीर्थ किला से सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महावीर स्वामी मंदिर गंज में पहुंचेगा।


### जिला न्यायालय में सत्र हुआ आयोजित

**सीहोर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीहोर प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार सीहोर जिला न्यायालय परिसर में स्थित अधिवक्ता संघ के सभाकक्ष में न्याय संवाद एक नई पहल के तहत सत्र का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य ने परिसीमा अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही न्याय संवाद के अंतर्गत होने वाली अनौपचारिक चर्चा को उल्लेखनीय पहल बताते हुये युवा अधिवक्ताओं के लिए पहल को अत्यधिक लाभकारी बताया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने स्थायी लोक अदालत लोकोपयोगी विषय पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्न सिंह ने पीड़ित प्रतिकर योजना एवं न्याय संवाद एक नई पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत प्रतिमाह अधिवक्तागण एव न्यायाधीशगण मिलकर नियत कानूनी विषय पर उसके प्रावधानों, कठिनाईयो तथा समाधानों पर विस्तार से चर्चा करते है, जो कि सभी के लिए लाभकारी है और पक्षकारों को भी इससे फायदा हो रहा है।

# मुनिश्री अक्षय सागर का सीहोर की ओर विहार

## चातुर्मास सीहोर में स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सिद्धपुर नगरी सीहोर के धर्म प्रेमी बंधुओं का आग्रह पर राष्ट्रीय संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज साहब के पट्टाचार्य आचार्य श्री समय सागर के शिष्य मुनिश्री अक्षय सागर महाराज के चातुर्मास हेतु वर्षों से प्रयासरत आचार्य कि स्वीकृति प्राप्त होने पर समाज में हर्ष कि लहर दौड़ गई सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाएं चातुर्मास हेतु व्यवस्था हर्ष उल्लाहस के साथ पूर्ण कर विहार में शामिल हुए।

संघ विहार कमेटी के प्रमुख संचालक अशोक कुमार जैन ने बताया कि शुभ समाचार प्राप्त हुआ कि मुनिश्री अक्षय सागर ससंघ का मंगल विहार बरेली से सीहोर की ओर हुआ है सीहोर वासी मोजूद थे उनके द्वारा जैसे ही सूचना मिली उसी समय भारी संख्या मे भक्त तुरंत बरेली कि और सीहोर लाने के लिए विहार पद यात्रा में शामिल होने पहुंच गये। संभवतः 7-8 जुलाई तक सिद्धपुर नगरी सीहोर में मंगल प्रवेश हों सकता है। मुनिश्री श्री के ग्रहस्त जीवन का परिचय महाराष्ट्र प्रांत के जिला कोल्हापुर के शिरोल ग्राम में स्वर्गीय श्री तात्या साहेब कांते जैन माता सुवर्णाया देवी कांते जैन के यहां 1 जून 1962 को हुआ।

प्रारंभिक शिक्षा श्री बाहुबली गुरुकुल में 5 वीं तक प्राप्त कर पद्मम राजे कालेज श्री जयसिंग कालेज से 12 वीं कामर्स से उत्तीर्ण कि। धर्म और गुरु के प्रति आस्था वेराग्य की राह पर बाल्यकाल से ही धर्ममय जीवन में रुचि रही। बाल ब्रह्मचारी व्रत धारण कर मुनिराज संघ में भक्ति भाव साथ चलना रहना उपवास एकाशन लंबे समय तक रखना बृहमचारी व्रत का संकल्प लेकर दिनांक 24 -8-1986 से घर को त्याग दिया था। क्षुल्लक दीक्षा वर्ष 1991 एवं ऐलक दीक्षा 1991 तथा राष्ट्रीय संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर सागर महाराज साहब से मुक्तागिरी में वर्ष 1998 में ग्रहण कर लंबे समय तक आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से संघ मे रहकर ही ज्ञानवर्धन किया। जैन संत विहार अर्थात चलते समय किसी भी वाहन का उपयोग नहीं करते हैं। एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचने के लिए पद यात्रा करते हैं। 63 वर्षीय परम पूज्य मुनिश्री प्रतिदिन औसतन 25 किलोमीटर पद यात्रा करते हैं। मुनिश्री द्वारा रचित कई धार्मिक, ज्ञानार्जन हेतु वहीं श्रावक श्राविकाओ के जीवन उदार, प्रेरणा स्त्रोत पुस्तकों का सृजन किया।

### कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा ग्यारहवीं प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** सीहोर स्थित कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा ग्यारहवीं में विज्ञान एवं गणित संकाय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 02 जुलाई 2025 है। प्रवेशित विद्यार्थियों को निशुल्क आवास, भोजन, किताबें एवं गणवेश सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राएँ, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति, विमुक्त जनजातियाँ, घुमक्कड़ एव अर्धघुमक्कड समुदाय की छात्राएँ, डीएनटी, एनटी, एसएनटी, दिव्यांग छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। वे छात्राएँ भी पात्र है जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, कोविड-19 आदि के कारण खो दिया हो। आवेदन के लिए छात्रा का हितग्राही प्रोफाइल एमपीटास पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

**आष्टा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात टीवी के माध्यम से साझा की गई। वार्ड 18 बूथ क्रमांक 195 पर भाजपा नगर मंत्री नीलिमा मनोहर बैरागी के निवास पर सुनी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर भोजवानी, वार्ड पार्षद लता कल्लू मुकाती, नगर भाजपा उपाध्यक्ष सुरेश परमार, नगर भाजपा मंत्री प्रतिनिधि दुलीचंद कुशवाह, मनोहर बैरागी, कला देवी मेवाड़ा आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# आचार्य विद्यासागर महाराज भले ही आष्टा नहीं आए, लेकिन हृदय में विराजमान: निर्णय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज भले ही आष्टा नहीं आएं ,लेकिन आष्टा वालों के हृदय में आज भी विराजमान हैं। आचार्य भगवंत की कृपा हमेशा आष्टा पर बनी रही।संसार में सभी लोग अपने कर्मों के अधीन है। सुख - दुःख सभी कर्मों से होते है,इसे सभी को स्वीकार करना होगा। अपने देश से अंग्रेज तो चले गए लेकिन अंग्रेजी यही छोड़ गए।आज के बच्चे हिंदी नहीं जानते वे तो सिर्फ अंग्रेजी समझते हैं। समय से भगवान की पूजा -अर्चना और अभिषेक करें, बच्चों जिंदगी में सोना ही सोना होगा।

संसार में जो कुछ नहीं मिलता है वह मंदिर और पाठशाला में अवश्य मिलता है। सभी पापों का प्रक्षालन मंदिर और पाठशाला में होता है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर मुनिराज एवं समय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य पाठशाला प्रेरक मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कही। आपने एक माता का वृतांत सुनाया गरीब थी, घर -घर जाकर अनाज पीसती थी और अपने परिवार का लालन-पालन करती थी।उसके मन में आता था अपनी गरीबी कब दूर होगी। जिसके पास धन वह भी दुखी और जिसके पास धन नहीं वह भी दुखी।धन की लालसा समाप्त नहीं होती है।साधु -संत पहले भी थे अर्थात भूतकाल, भविष्य और वर्तमान काल में भी रहेंगे। कोई किसी का साथी नहीं। कुछ दूरी तक ही बिहार में जाओगे। मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने कहां प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें, बच्चों को प्लास्टिक के डिब्बे में भोजन और बाटल में पानी नहीं देवें, कैंसर रोग की जड़ प्लास्टिक के डिब्बे और बाटल है।नेमावर तीर्थ से दो दिन में बिहार कर आष्टा आ गए। गाय परोपकार करती है, गाय सूखा घास, चारा खाती है और शुद्ध दूध देती है। मवेशियों को समझें, सबसे बड़ा धन गौवंश है।नवाचार्य समय सागर महाराज को आचार्य बने करीब डेढ़ साल हो गए। आत्मा के दर्शन उसे ही हो सकते हैं जो परिग्रह से मुक्त होते हैं। आत्मा का ध्यान करने के लिए वैराग्य हो, संसार के विषयों में राग नहीं होना चाहिए।हमें आचार्य समय सागर महामुनिराज का आशीर्वाद आष्टा चातुर्मास हेतु चाहिए, तभी हम यहां चातुर्मास कर सकते हैं, अन्यथा उनके कहे स्थान पर चातुर्मास करेंगे,उनके अनुसार ही हम चलते हैं। आस्था पर आया हूं और आष्टा चातुर्मास कराना है तो आचार्य श्री की अनुमति लाना होगी। स्वाध्याय करोंगे तो आत्मा का दर्शन होगा। निर्ग्रन्थ अवस्था होना चाहिए। साधना करने की ताकत होना चाहिए।भला करोंगे तो भला होगा। सुख दोगे तो सुख मिलेगा और दुःख दोगे तो दुःख ही मिलेगा। साधु का ही चातुर्मास नहीं श्रावकों का भी होता है।इस दौरान अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करना चाहिए। अगर आपके यहां किसी का भी चातुर्मास नहीं होता है तो अपने लिए नियम बनाकर अहिंसक चातुर्मास करें। परोपकार से बहुत लाभ मिलता है।

सबसे बड़ा परोपकार अहिंसा परमो धर्म का पालन करना किसी को दुःख नहीं देना है। विद्यासागर महाराज ने 56 साल तक अहिंसा धर्म का पालन किया। समय का अर्थ आत्मा, शास्त्र को पढ़ना और समय का सदुपयोग करें। भक्ति भाव से आचार्य का दीक्षा दिवस मनाएंगे मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज के परम सानिध्य में धरती के देवता जन-जन के आराध्य मुनिराज जी का 57 वां दीक्षा दिवस किला मंदिर पर मनाया जाएगा।सुबह 6 बजे आचार्य छत्तीसी विधान होगा, उसके पहले भगवान के अभिषेक शांति धारा होंगी।

# आनंद धाम पर चल रही भागवत महापुराण कथा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विगत 20 वर्षों से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव अलीपुर जगदीश मंदिर से आनंद धाम बुधवारा स्तिथ मौसी के घर पहुचने का सिलसिला सतत जारी है। भगवान की रथयात्रा निकली, भगवान जगन्नाथ जी अपनी मौसी के घर पहुचे। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्माधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी आनंद धाम बुधवारा पर भगवान जगन्नाथ जी रथयात्रा के साथ अपनी मौसी के घर आनन्द धाम पधारे हैं।

भगवान के पधारने पर आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा वाचन एवं प्रवचन आयोजित किये गये है। कथा के द्वितीय दिवस में पंडित कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि भागवत एक महान ग्रंथ है। कर्दम रिषी कपिल रिषी शाक्य शास्त्र वा सति अनसुयं वा भक्त भरत के बारे में श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया और समझाया। आनन्द धाम पर भागवत जी 28 जून से 4 जुलाई तक दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी। पंडित भवानी शंकर शर्मा परिवार ने सभी भागवत प्रेमियों,भक्तगणों से अपील की है कि आप सभी भक्तगण सापरिवार सादर आमंत्रित है। द्वितीय दिन भागवत कथा में मोहन मेवाड़ा, छमा मेडम, राधेश्याम नायक, राधा, महेंद्र शर्मा, मुकेश ताम्रकार, राम गजेंद्र शर्मा, शिव श्रीवादी, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, पंडित भवानी शंकर शर्मा , उमा चंद्रशेखर शर्मा,चंचु ताम्रकार मेघा मुन मुन गोपाल सोनी सनातन देव शर्मा, बृजमोहन सोनी, दीपेश भूतिया सभी महिला मंडल एवं सभी भक्तगणों द्वारा कथा का श्रवण किया जा रहा है।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीएमश्री परिसर में शुरू हुआ हरियाली महोत्सव

# 200 पौधे लगाने लिया संकल्प, प्रत्येक शिक्षक लगाएगा 4 पौधे





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीएमश्री श्यामपुर में हरियाली महोत्सव के तहत मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम की शुरुआत नगर के सरपंच नवीन ताराचंद चौहान द्वारा हुईं। शासकीय उमावि पीएमश्री श्यामपुर की प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक गणों द्वारा इस अवसर पर एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है की प्रत्येक शिक्षक चार पौधे लगाए व उन पेड़ों का एक वर्ष तक पूर्ण रूप से संरक्षण करें। इस तरह शाला प्रागंण में 200 पौधे लगाए जायेंगे। जिस तरह बच्चों के लिए शिक्षा अत्याधिक जरूरी है ठीक उसी तरह पर्यावरण का साफ व स्वच्छ रखने पेड़ जरूरी है। प्राचार्य फ्रास्सिंका बारा ने शाला के समस्त शिक्षकों मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के तहत शपथ दिलाई गई तथा हरियाली महोत्सव को बड चढ़ कर मनाने तथा जनमानस से पौधेरोपण की अपील की गई। इस अवसर पर जनशिक्षक रामेश्वर पाटिल, परमानंद पाटिल, नवीन कुमार बैरागी, गोविंद सिंह ठाकुर मोरसिह परमार,सुनील वरखाने, हेमन्त दोहरे, मोहन लाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# 15 साल से ऊपर के असाक्षरों का होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संकुल केंद्र सिद्धिगंज में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों का घर-घर जाकर सर्वे करना है। इसके साथ ही एनआईएलपीएमपी ऐप पर रजिस्ट्रेशन करना, भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करना भी शामिल है। विशेष अतिथि ब्लॉक सह समन्वयक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा दिए गए लक्ष्य को तय समय में पूरा करने के निर्देश मिले हैं। कार्यक्रम कलेक्टर बालागुरु और राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश पर जिला परियोजना समन्वयक आरआर उईके व बीआरसी अजब सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य, जन शिक्षक, संकुल समन्वयक मौजूद रहे। प्राचार्य गौरी शंकर वर्मा, बीएसी नारायण सिंह मेवाड़ा, संकुल समन्वयक विजेंद्र सिंह ठाकुर, गजराज सिंह राजपूत, इलियास खान और सभी शालाओं के प्रभारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाने का संकल्प लिया।

स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग भ्रष्टाचार की चपेट में, बालू की जगह हो रहा गिट्टी की चूरी का उपयोग

# 12 और 18 एमएम सरिए का खेल! ठेकेदार की मनमानी पर कब होगी विभाग की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्वास्थ्य विभाग जैसे सरकारी निर्माण में एजेंसी और ठेकेदार मिलकर किस कदर चूना लगा रहे हैं और घटिया निर्माण करने पर आतुर हैं जिन्हें देखने वाला कोई भी नहीं है। ऐसे में यह निर्माण जनता की सेवा ले लिए हो रहा है या फिर जनता के टेक्स में दिए गए पैसों का दुरूप्योग करने के लिए खुली छूट दे दी है।

लखनवास में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 159 की लागत से बनने वाली बिल्डिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। क्याकिं इस बिल्डिंग में ठेकेदार सहित स्वास्थ्य विभाग और निर्माण एंजेंसी मिलकर काम को घटिया स्तर का करने का सोच लिया है ऐसे में विभाग के अधिकारी इस घटिया निर्माण की जांच तक नहीं कर पा रहे हैं यह बिडम्बना है।


हरिभूमि -राजगढ़-अशोकनगर भूमि - Page 4
Date 26 Jun 2025

टेंडर ड्रॉइंग के मानकों से परे हो रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लखनवास का निर्माण

159 लाख की लागत से बन रही बिल्डिंग को ठेकेदार लगा रहा चूना!

जांच हुई तो कई चौकाने वाले तथ्य आएंगे सामने, विभाग इंजीनियर ने दिया जांच का भरोसा

जांच हुई तो सामने आएगी सच्चाई



### घटिया सीमेंट का किया जा रहा उपयोग

सरकारी निर्माण में ठेकेदार द्वारा जो सीमेंट लगाया जा रहा है वह भी घटिया क्वालिटी का लगाया जा रहा है जिसकी तराई भी समय पर न हो पाना निर्माण की घटिया गुणवत्ता को दर्शाता है।



### बेस में लगा दिया 12 एमएम और ऊपर दिखाने लगा दिया 18 एमएम सरिया

हालात यह है कि ठेकेदार योगेश शुक्ला ने स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग निर्माण में बेस में तो 12 एमएम के सरियों का उपयोग किया है और जब पिलर बनाने की बारी आई तो उसमें दिखाने के लिए 18 एमएम सरिया का उपयोग किया जा रहा है इससे भ्रम की स्थिती पैदा हो रही है। इसके साथ ही वालू रेत की जगह गिट्टी की चूरी का उपयोग कर सरकारी टेंडर ड्रॉइंग को ही दरकिनार कर दिया है और अपने मनमाने तरीके से निर्माण किया जा रहा है।

### इनका कहना है...

घटिया निर्माण के बारे में जब ठेकेदार से पूछा गया तो वह अपनी सफाई में इतना कह पाए कि मैं आपको थोड़ी देर में फोन करता हूं।

**योगेश शुक्ला, ठेकेदार**

लोहे को लेकर यदि शिकायत है तो इसकी जांच करवाना बेहद जरूरी है।

**दिलकश खान, इंजीनियर स्वास्थ्य विभाग राजगढ़**

फल और सब्जी के ठेलों को पहुंचाया स्टेडियम ग्राउंड

# मुनादी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर सीएमओ ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद द्वारा अनाउंसमेंट कराकर अतिक्रमणकर्ताओं को शुक्रवार की शाम तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद कुछ दुकानदारों ने स्वयं के अपना अपना अतिक्रमण हटा लिया।

शनिवार को जिन जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा ने नपा कर्मियों की टीम के साथ हटीले हनुमान मंदिर छापीहेड़ा नाका से अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की गई। जिसमें छापीहेडा नाका के आसपास लग रहे फल फ्रूट और सब्जी के ठेले को रोड से हटाकर व्यवस्थित रूप से स्टेडियम ग्राउंड मस्जिद रोड पर लगाया गया। वहीं विद्युत मंडल के सामने पानी पतासे सहित अन्य हाथ ठेला को वहां से हटाते हुए दुर्गा मंदिर के सामने वाली गली एवं स्टेडियम के सामने खिलचीपुर नाका जाने वाले गली में व्यवस्थित रूप से लगाए गए। नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण की वजह से यातायात में आ रही बाधा को दुरुस्त करने उद्देश्य से रोड किनारे लगे टीनशेड तिरपाल व दुकानों के बाहर रखा अन्य सामान भी हटाया जा रहा है। परिषद टीम ने सोसाइटी के सामने की कुछ अस्थाई दुकानों का अतिक्रमण भी हटाया है। नगर के इंदर चौराहा विश्राम गृह एवं बुधवारिया बाजार रोड़ पर जो भी अतिक्रमण है उनको हटाया जाएगा। अगर किसी ने अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 45 ग्राम स्मैक व बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पाड़ल्या रोड़, पीर मिट्ठे की दरगाह के पास सारंगपुर में एक व्यक्ति से अवैध मादक पदार्थ जप्त किया है। उक्त कार्यवाही में उनि मनोहर सिंह, नवीन राजपूत, श्याम शर्मा, राजकिशोर गुर्जर पाडल्या रोड़ सारंगपुर पहुंचे जहाँ आरोपी नानूराम पिता शंकरलाल निवासी मऊआ खो थाना इकलेरा जिला झालावाड राजस्थान से 45 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमत 1,35,000 एवं एक मोटर साइकिल कीमती 40,000 जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 411/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शासन की योजना का लाभ

# शासकीय सामुदायिक भवन में भरे लहसुन और प्याज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा सार्वजनिक उपयोग के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद, विधायक, राज्य सभा सहित शासन के विभिन्न मदों से ग्रामीण जनता के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाता है ताकि वर्षा सहित अन्य मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले सामूहिक कार्य के लिए भवन का उपयोग हो सके। गांव में किसी भी प्रकार का आयोजन करने के लिए सामुदायिक भवन पर ही ग्रामीण जनता निर्भर रहती है। उद्देश्य भी सामुदायिक भवन का यही है शासन की मंशा भी यही है,जन प्रतिनिधि सामुदायिक भवन के लोकार्पण के दौरान बड़े बड़े भाषण देते हैं कि यह भवन आपके पारिवारिक कार्यों के लिए उपयोग होगा,लोकार्पण के बाद भवन संबंधित ग्राम पंचायत को सौंप दिया जाता है। उक्त भवनों की देखरेख का जिम्मा ग्राम पंचायत सचिव का होता हैं किंतु अक्षर देखने में आया है कि ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक भवन ग्रामीणों के लिए कम रसूखदारों के लिए ज्यादा उपयोग हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत आमगढ़ा में देखने को मिला गांव के ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारे गांव में सरपंच ने सामुदायिक भवन तो बनाए लेकिन उन पर निजी व्यक्तियों ने कब्जा कर रखा है, एक भवन में लहसुन भरी हुई है तो एक में प्याज भरा हुआ है। इस संबंध में ग्राम सचिव से बात की तो उन्होंने कहा कि मैने नोटिस जारी किया है। जल्द सामुदायिक भवन खाली हो जाएगा।

पौधरोपण सहित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए बैठक आयोजित

# वृहद पौधारोपण के तहत गायत्री परिवार सदस्य रौपेंगे 10 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अखिल भारतीय गायत्री परिवार की राजगढ़ शाखा द्वारा गत दिवस जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी तीन माह में वृहद वृक्षारोपण के तहत जिले में करीब 10 हजार से अधिक पौधों को रोपने, नशामुक्ति जागरण, नारी जागरण, घर-घर गायत्री यज्ञ को लेकर रूपरेखा बनाते हुए कार्यकर्ताओं का मानस उक्त कार्यों हेतु तैयार किया गया।



इस बैठक में जिले के समस्त प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल, युवा प्रकोष्ठ, ट्रस्टीगण, सक्रिय सदस्य सहित गुना उपजोन प्रभारी महेश केवट एवं जिला समन्वयक ओ.पी. पंवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। वृक्षारोपण के तहत 10 हजार पौधों को रौपना और उनके पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने इत्यादि के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा हुई। इसके साथ ही घर-घर गायत्री यज्ञ आयोजित करवाने, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के तहत समाज के युवाओं को संस्कारित करने हेतु एक आंदोलन की तरह कार्य करने का उद्धेश्य निर्धारित किया गया। इसके साथ ही नशे के सेवन की ओर बढ़ रही युवा पीढ़ी को नशामुक्ति की ओर ले जाने हेतु भी बैठक के दौरान योजना बनाई गई। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी अनिल शर्मा, प्रताप सिंह सिसोदिया, स्वभाव आचार्य, रमेशचंद्र गुप्ता सहित गायत्री परिवार के सदस्य उपसथ्तित रहे। कार्यक्रम का संचालन किशोर जानोरिया ने किया।

# राहुल बना बने करणी सेना के जिला सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती शीला सुखदेव सिंह गोगामेडी एवं प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान प्रदेश संगठन मंत्री ठाकुर जसवंतसिंह रुनजी ठा भूपेंद्र सिंह खींची संभाग अध्यक्ष भोपाल राजगढ़ जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह अरनिया एवं समस्त टीम की अनुशंसा पर कुंवर राहुल सिंह ठिकाना कालिया खेड़ी को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है आशा करते हैं कि आप समाज को एवं हिंदुत्व को एक अच्छी दिशा प्रदान करेंगे इस अवसर संगठन सहित इष्ट मित्रो ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

घोषित कटौती के अलावा भी हर कभी काट दी जाती है बिजली

# मेंटेनेंस के नाम पर राजगढ़ में आए दिन कटौती, नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बरसात के पूर्व राजगढ़ नगर में अमूमन हर हफ्ते घंटों तक मेंटेनेंस कार्य करवाया जा चुका है। इसके बावजूद यह मेंटेनेंस कार्य लगातार जारी है।

नगर के कई वार्डों और मोहल्लों में घोषित मेंटेनेंस के अलावा भी कई-कई घंटों तक विद्युत सप्लाई बाधित रहने लगी जिससे आम नागरिकों में कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है। रविवार को एक बार फिर से कंपनी द्वारा सुबह 11 बजे से करीब 1 बजे तक मेंटेनेंस के नाम पर पूरे नगर की बिजली बंद कर दी गई। हालांकि, कंपनी द्वारा उक्त विद्युत प्रदाय बाधित किए जाने के संबंध में पूर्व सूचना दे दी गई थी लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व के सालों की अपेक्षा इस साल ज्यादा ही कटौती की जा रही है। घोषित कटौती के अलावा भी विभिन्न स्थानों की बिजली कभी भी काट दी जाती है जिसे सुधारने कंपनी के लाइन कर्मचारी काफी समय तक मौके पर नहीं पहुंचते।

### कई शिकायतें लंबित, नहीं दिया जा रहा ध्यान




राजगढ़ शहर वितरण केंद्र की बात करें तो यहां कई उपभोक्ताओं की बढ़े हुए बिजली बिलों, गलत मीटर रीडिंग, खपत से अधिक बिल आने, विद्युत पोलों के आढ़े-टेढ़े होने सहित अन्य प्रकार की अनेकों शिकायतें लंबित पड़ी हुई हैं। लेकिन, विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों लंबित शिकायतों का कोई निराकरण नहीं करवाया जा रहा है।

# युग धारा बाल शिक्षण समिति की वार्षिक बैठक आयोजित

**सारंगपुर।** शनिवार को स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सारंगपुर की संचालन समिति युगधारा बाल शिक्षण समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया एवं नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रांतीय सह सचिव चंद्रकांत त्रिपाठी, प्रांतीय सदस्य ओमप्रकाश राठी तथा राजगढ़ विभाग समन्वयक गुरु चरण गौड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना हुई उसके पश्चात विद्यालय प्राचार्य चैन सिंह बन्नासिया ने समिति एवं विद्यालय का वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति किया गया ।नवीन कार्य करने में अध्यक्ष



ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, सचिव अशोक साहू, कोषाध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला, सहसचिव दिलीप परमार, उपाध्यक्ष आत्माराम पाटीदार चुने गए। अनिल बकरिया, हरिसिंह सोलंकी, रेणु वंशकार, श्याम चौहान, रामबाबू नारोलिया,संतोष पुष्पद, कमल राठौर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

# ई-अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश में शिक्षकों पर लागू की जा रही ई अटेंडेंस व्यवस्था के खिलाफ शनिवार को शिक्षक एकजुट हो गए। सारंगपुर विकासखंड के सैकड़ों शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सारंगपुर तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां अनुविभागीय अधिकारी के स्टेनो महेंद्र जोनवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने ई अटेंडेंस को अव्यावहारिक और अमानवीय बताया। इसे लागू नहीं करने की मांग की। शिक्षकों ने कहा, पहले भी इस व्यवस्था को लागू करने की कोशिश हुई थी। तब विरोध के चलते इसे बंद करना पड़ा था। अब फिर से इसे लागू किया जा रहा है, जो गलत है। शिक्षकों ने कहा कि इस व्यवस्था से शिक्षक समाज की छवि खराब करने की कोशिश हो रही है। यह अपमानजनक है। शिक्षक जैसे पवित्र कार्य से जुड़े लोगों के लिए यह व्यवस्था उचित नहीं है। अगर यह व्यवस्था लागू करना ही है तो प्रदेश के हर विभाग हर अधिकारी पर लागू किया जाएं। ज्ञापन देने वालों में गणेश शर्मा, महेश नागर, मोहनलाल जोशी, संजय नागर, दीपक शर्मा, अशोक पाण्डे, दुर्गा प्रसाद जोशी, गोकुल नागर, रसीद खान प्रेम सिंह सोलंकी, मोहन सिंह भिलाला सहित शिक्षकगण मौजूद थे।

विहिप के अभ्यास वर्ग में कई कार्यकर्ता हुए सम्मिलित

# अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को बताए संगठन के उद्धेश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग स्थानीय पाटन रोड स्थित अंत्योदय प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में विहिप के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की स्थापना के उद्धेश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1964 में विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना के बाद से जो लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, उनमें से कईं लक्ष्य संगठन पूरे कर चुका है। शेष उद्धेश्यों की पूर्ति के कार्यकर्ता लगन के साथ जुटे हुए हैं।

## 10 सत्रों में 66 कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

अभ्यास वर्ग में हुए 10 सत्रों में परिषद के 66 कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। वर्ग प्रमुख एवं विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि परिषद हर साल अपने दायित्ववान कार्यकर्ताओं के लिए इन अभ्यास वर्गों का आयोजन करता है। वर्ग से प्रशिक्षित होकर कार्यकर्ता हिन्दू समाज की एकजुटता, गौरक्षा, धर्मांतरण रोकने, हिन्दू कन्याओं को लव-जिहाद से बचाने के लिए उत्साह से कार्य कर पाते हैं। इन सत्रों में प्रांत सह-संयोजक लोकेंद्र मालवीय, प्रांत सह-प्रचार प्रसार प्रमुख कपिल शर्मा, प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल राठी, प्रांत सहमंत्री गोपाल सोनी, संघ के प्रांतीय अधिकारी लक्ष्मी नारायण, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, सुनील शास्त्री एवं दुर्गा वाहिनी की प्रांत सह-संयोजिका आकांक्षा दुबे का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर रिंकू सुनेरी, तरवर पंवार, सुजान गुर्जर, आशीष मेवाड़े, सोनू शर्मा, मयंक जायसवाल, कमल किरार, कमल धाकड़, रामकला तोमर, नंदिनी वैष्णव, बृजकिशोर अनंत, चेतराम गुर्जर, लक्ष्मीनारायण तंवर, उमेश शर्मा, संतोष राणा, राजू मालवीय, वैभव सोनी, बालचंद किरार सहित अन्य उपस्थित थे।

